# क्रिटिकल मिनरल हब के रूप में उभर रहा एमपी



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खनिज संपदा की प्रचुरता और निवेश अनुकूल नीतियों से मप्र देश की औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है. इससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन को भी बल मिलेगा.**

बैतूल से आलीराजपुर तक फैली खनिज बेल्ट में उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेफाइट के विशाल भंडार मिलने से प्रदेश देश के उभरते क्रिटिकल मिनरल हब के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है. इस बेल्ट में हाई फिक्स्ड कार्बन और उत्कृष्ट फ्लेकी गुणवत्ता वाला ग्रेफाइट पाया गया है. इसे इलेक्ट्रिक वाहन , ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है. यह खोज मध्यप्रदेश को भविष्य की हरित अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र बनाने के साथ देश को हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

प्रदेश ग्रेफाइट संसाधनों में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है. प्रदेश के बैतूल, आलीराजपुर और सीधी जिलों में उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेफाइट के विशाल भंडार चिन्हित किए गए हैं. इन क्षेत्रों से प्राप्त ग्रेफाइट में उच्च स्थिर कार्बन की मात्रा होने के कारण यह इलेक्ट्रोड निर्माण, बैटरी उद्योग तथा अन्य उच्च तकनीकी औद्योगिक उपयोगों के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है. भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अकेले बैतूल जिले में लगभग 11 मिलियन मीट्रिक टन ग्रेफाइट संसाधनों का अनुमान लगाया है. बैतूल जिले के चिखलार, गौठाना और गोलीघाट क्षेत्र प्रमुख ग्रेफाइट ब्लॉकों के रूप में उभरकर सामने आए हैं.

### कोल इंडिया के प्रवेश से व्यावसायिक खनन को मिलेगी गति

प्रदेश में ग्रेफाइट खनन के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन तब आया जब सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने गैर-कोयला खनन क्षेत्र में प्रवेश करते हुए आलीराजपुर जिले के खट्टाली छोटी ग्रेफाइट ब्लॉक का अधिग्रहण किया. इससे प्रदेश में बड़े स्तर पर व्यावसायिक ग्रेफाइट खनन का मार्ग प्रशस्त हुआ. विशेषज्ञों के अनुसार बैतूल क्षेत्र के ग्रेफाइट शिस्ट में वेनेडियम जैसे महत्वपूर्ण क्रिटिकल मिनरल मिलने की भी संभावना है. इससे यह क्षेत्र देश के सबसे महत्वपूर्ण बहु-खनिज क्षेत्रों में शामिल हो जाएगा.

## सीएम दिव्यांगजन शिक्षा : 31 अगस्त से शुरु

**भोपाल.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है. सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, तकनीक और गतिशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के मार्ग को सरल और सुलभ बनाएगी. उन्होंने पात्र विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने तथा जिला अधिकारियों को योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कृष्ण गोपाल तिवारी ने बताया कि योजना का संपूर्ण संचालन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनेगी. उन्होंने सभी संयुक्त एवं उप संचालकों को निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं.

# एमपी के 40 जिलों में झमाझम बरसात



**भोपाल, 4 जुलाई . मध्य प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है. पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई, जिससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं.**

सीहोर के आष्टा क्षेत्र में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि हरदा, खंडवा, सीहोर और उज्जैन समेत कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं और कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है. मौसम विभाग के अनुसार इंदौर में ढाई इंच से अधिक, मंडला में 2.2 इंच, खंडवा में पौने दो इंच और भोपाल में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई. लगातार बारिश के कारण खंडवा के ग्राम गरबड़ी में नाला उफान पर आ गया, जिससे खिरकिया मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया.

हरदा में कालीमाचक नदी का पानी पुल से तीन फीट ऊपर बहने के कारण नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे बंद करना पड़ा. सीहोर के आष्टा क्षेत्र में पार्वती, पपनास और नेवज नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में घरों और खेतों में पानी भर गया. वहीं पांढुर्णा, खरगोन और बालाघाट में भी जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ है. उज्जैन में शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे बने कई मंदिर जलमग्न हो गए. मौसम विभाग ने शनिवार को खंडवा और हरदा सहित 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

# जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी होंगे आरईएटी के अध्यक्ष

### 3 माह से खाली था अध्यक्ष का पद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 जुलाई. राज्य सरकार ने जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी को मप्र भू-संपदा अपील अधिकरण यानी एमपी रियल एस्टेट अपीलेंट ट्रिब्यूनल आरईएटी का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है.**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. उनकी नियुक्ति पद ग्रहण करने से 5 वर्ष या अधिकतम 67 वर्ष की आयु जो भी पहले पूरी हो, तक की अवधि के लिए की गई है. जस्टिस द्विवेदी मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर से सेवानिवृत्त हुए हैं. आरईएटी के तत्कालीन अध्यक्ष जस्टिस वीपीएस चौहान का कार्यकाल मार्च 2026 को समाप्त हो गया था, तब से ये पद रिक्त पड़ा हुआ था. ये पद रिक्त रहने पर मप्र हाईकोर्ट ने भी नाराजगी जताई थी और शीघ्र ही नियुक्ति के निर्देश दिए थे. लिहाजा अब जाकर विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. इसी तरह मप्र भू संपदा विनियामक प्राधिकरण यानी रेरा अध्यक्ष का पद भी पिछले तीन माह से भी अधिक समय से रिक्त पड़ा हुआ है. तत्कालीन अध्यक्ष एपी श्रीवास्तव का कार्यकाल भी मार्च में समाप्त हो गया था.

## अफीम तस्करी के मुख्य आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच.** अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एनडीपीएस कोर्ट जावद ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अफीम की खेप मंगवाने वाले मुख्य आरोपी अशोक व्यास को दोषी करार दिया है. विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट जावद विनोद कुमार पाटीदार ने आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1 लाख 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है. न्यायालय ने यह निर्णय मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक एवं साइबर साक्ष्यों तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया. सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार में 3 से 4 किलोग्राम अवैध अफीम का परिवहन किया जा रहा है.

## मंत्रालय के गलियारे से

# एसीएस की सख्ती से सकते में महकमा

कन्हैया लोधी

एक अपर मुख्य सचिव ने तबादले के बाद जब से विभाग की कमान संभाली है, तब से ही वे विभाग के ढीले-ढाले रवैये पर नकेल कसना शुरू कर दिया है. अब जब भी विभाग का कोई रिव्यू होता है तो मातहत अधिकारी आधी-अधूरी जानकारी के साथ जाने के बजाय पूरी मुस्तैदी और तैयारी के साथ पहुंच रहे हैं. दरअसल साहब ने मातहतों को साफ शब्दों में कह दिया है कि वे उनके सामने कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी. यदि किसी ने ये कोशिश की तो फिर भरी मीटिंग में साहब के तीखे सवालों से दो-चार होने की नौबत आती है. लिहाजा अब एसीएस साहब की सख्ती से पूरा महकमा ही सकते में है. यहां ये भी बता दें कि पहले इस विभाग की कमान एक पीएस संभाल रहे थे, वहीं विभाग के मंत्री अक्सर ही मीटिंग में व्यस्त रहते हैं.



### कहीं नाराजगी भारी न पड़ जाए

पिछले दिनों एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक विधायक जी नाराज हो गए. सार्वजनिक कार्यक्रम विधायक ही के क्षेत्र में ही चल रहा था, इसमें सरकार की भागीदारी थी. मौका मिलने पर विधायक जी ने अपनी उपलब्धियां गिनाना शुरू ही किया था, कि उन्हें संदेश मिला कि वक्त कम है, कम शब्दों में ज्यादा समेटें. उनको ये संदेश कुछ रास नहीं आया, उनकी अप्रसन्नता को कमोबेश सभी ने महसूस किया. वैसे प्रदेश के भारी मंत्रिमंडल फेरबदल में उनको भी मंत्री पद के संभावित दावेदारों में शुमार किया जाता है. अब सवाल उठ रहे हैं कि उनकी दावेदारी पर ये नाराजगी कहीं भारी न पड़ जाए.

### मंत्री पर भारी महिला अधिकारी

एक महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रही महिला मंत्री पर विभाग की एक अधिकारी भारी पड़ रही हैं. दरअसल मंत्री को अधिकारी के साथ ट्यूनिंग बिठाने में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. महिला मंत्री की कई जरुरी सिफारिशें डिब्बा बंद हो गईं, जो कहा और भेजा उस हिसाब से महिला अधिकारी ने तवज्जो नहीं दी. दरअसल इस विभाग की प्रशासनिक कमान भी महिला के ही हाथों पर है. इस महिला अधिकारी को स्टेट फारवर्ड माना जाता है, यानी उनके पास किंतु-परंतु की कोई गुंजाइश ही नहीं रहती. ऐसे में मंत्री को कई बार असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है. अब देखना ये है कि ये स्थिति कब तक बनी रहती है.

### बैकपुट पर कांग्रेस के एक कद्दावर नेता

जब पद होता तो पॉवर भी होता है. प्रदेश में कांग्रेस के एक कद्दावर नेता के पास इस समय कोई बड़ा पद नहीं है. लेकिन अकसर चर्चा में बने रहते हैं, पिछले दिनों सरकार से जुड़े एक विषय को बड़े जोर-शोर से उठाया गया, लेकिन इस कद्दावर नेता ने उस मुद्दे की हवा निकाल दी और पूरी तरह पंचर कर दिया. उन्होंने नियमों का हवाला देकर साफ कर दिया कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है. उसके बाद शिकवा-शिकायत का दौर चला, इसका नतीजा ये हुआ कि कद्दावर नेता अब बैकपुट पर चले गए हैं. सामान्य तौर वे फ्रंट फुट पर रहते हैं, लेकिन पहली बार वे अपने ही संगठन में बैकपुट पर दिख रहे हैं. ये स्थिति कब तक बनी रहती है, ये देखना दिलचस्प होगा.

## एक नजर में

### भोपाल जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**भोपाल.** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्मरण पखवाड़ा कार्यक्रमों के तहत रविवार को प्रातः 10.30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है. भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि सम्मेलन को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल संबोधित करेंगे.

### गौरी तालाब में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भिण्ड.** देहात थाना क्षेत्र के गौरी तालाब में शनिवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों ने सौगात गार्डन के पिछले गेट के पास तालाब में शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया. मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिण्ड जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है. मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की सूची खंगाली जा रही है. वहीं पुलिस क्षेत्र के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है.

# 10 संभागों में शिक्षक तैयार करेंगे ई-कंटेंट

### उच्च शिक्षा विभाग की पहल

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 04 जुलाई. प्रदेश में दूरदराज के क्षेत्रों में बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये उच्च शिक्षा विभाग ने नया कदम उठाया है. विभाग ने प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिये राज्य के 10 संभागों में आधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना की है.**

जहां उच्च स्तर की रिकॉर्डिंग और ई-कंटेंट तैयार करने की विशेष सुविधा दी गई है. बता दें इस पहल के माध्यम से विद्यार्थी मुख्य विषयों के साथ अन्य संकायों के विषयों की भी पढ़ाई आसानी से कर सकेंगे. वहीं इस



मप्र उच्च शिक्षा विभाग

पूरी योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय ने राज्य के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों और विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को निर्देश जारी कर दिये हैं. जिसके तहत ई-कंटेंट निर्माण के कार्य में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कार्यरत इच्छुक शिक्षक, प्रोफेसर, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान और जनभागीदारी शिक्षक अपनी सहभागिता दे सकते हैं. विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जो भी शिक्षक इस डिजिटल मुहिम का हिस्सा बनकर ई-कंटेंट तैयार करना चाहते हैं, वे 8 जुलाई तक निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी जानकारी सबमिट कर सकते हैं.

इसके लिए पूर्व में जारी सूची में शामिल शिक्षक सीधे गूगल लिंक का उपयोग कर फॉर्म भर सकेंगे. इसके अलावा विश्वविद्यालयों के शिक्षक अपने कुलसचिव से और कॉलेजों के प्राध्यापक अपने संबंधित कॉलेज के प्राचार्य या क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक के माध्यम से इस गूगल फॉर्म की लिंक प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं.

# ठेकों से खुलेआम शराब सप्लाई, आबकारी मौन

नवभारत न्यूज

**चाकघाट 4 जुलाई, चाकघाट और आसपास के ग्रामीण अंचलों में अवैध रूप से शराब पहुंचाने और बेचने के आरोप लगातार जोर पकड़ रहे हैं।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइसेंसी शराब ठेकों से शराब की पेटियां देर शाम और रात के समय बघेड़ी, चंदई सहित आसपास के गांवों के ढाबों, होटलों और कुछ दुकानों तक पहुंचाई जाती हैं। लोगो का दावा है कि इस काम में अक्सर एक सफेद रंग की चार पहिया वाहन का उपयोग किया जाता है, जो रात के अंधेरे में विभिन्न स्थानों पर शराब की खेप उतारता दिखाई देता है। लोगों का सवाल है कि जब शराब बेचने का अधिकार केवल लाइसेंसी ठेकों को है, तो गांव-गांव, ढाबों और दुकानों में शराब आखिर पहुंच कैसे रही है? क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई स्थानों पर बिना किसी रोक-टोक के शराब उपलब्ध हो जाती है, जिससे युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है और सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यदि आबकारी विभाग और पुलिस नियमित रूप से संयुक्त जांच करें, तो पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण चाकघाट में शराब की अवैध आवाजाही की आशंका पहले भी जताई जाती रही है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सफेद बोलेरो सहित संदिग्ध वाहनों की जांच, ढाबों, होटलों और दुकानों पर अचानक छापेमारी तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## महिला के साथ मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार

**उज्जैन.** झारड़ा थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह को लेकर महिला के साथ मारपीट एवं अभद्रता के मामले में तीन ओर नामजद महिला आरोपियों सहित अभी तक नौ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है. पुलिस ने गिरफ्तारी के मामले में शनिवार को जानकारी दी. प्रकरण की विवेचना के दौरान सतत प्रयास करते हुए पुलिस टीम ने रेखा कंवर पति मोर सिंह, कैलाश बाई पति विक्रम सिंह एवं कैलाश कंवर पति शंभू सिंह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया. प्रकरण में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

# हाईकोर्ट में उभयपक्षों की सुनवाई पूरी, फैसला फिलहाल सुरक्षित

**जबलपुर, 4 जुलाई. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में दावा किया गया है कि लीवर किडनी और हृदय रोगों की सर्जरी में इस्तेमाल होने वाली मानव प्लाज्मा आधारित एक जीवन रक्षक दवा के सैंपल में एचआईवी रिएक्टिव पाया गया है.**

याचिका में इस दवा की बिक्री और उपयोग पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो गंभीर जनस्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है. एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ के



समक्ष उभयपक्षों ने अपने-अपने तर्क दिये. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अपना फैसला फिलहाल सुरक्षित रखा है. यह जनहित का मामला नरसिंहपुर निवासी शुभम कौरव की ओर से दायर किया गया है. जिसमें कहा गया है कि उन्होंने 8 अप्रैल 2024 को चिकित्सकीय पर्चे के आधार पर जबलपुर के नेपियर टाउन स्थित एक मेडिकल स्टोर से ह्युमन एल्वुमिन साल्युशन के तीन एम्पुल खरीदे थे.

# टीटीई की सतर्कता से मासूम बच्ची परिजनों से मिली

**भोपाल, 4 जुलाई . पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में टीटीई साकिब खान की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से ट्रेन में बिछड़ी एक मासूम बच्ची सुरक्षित अपने परिजनों से मिल गई.**

गाड़ी संख्या 11408 लखनऊ-पुणे एक्सप्रेस के इटारसी से रवाना होने के बाद एस-9 कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री ने टीटीई को बताया कि उनकी छोटी बच्ची ट्रेन में नहीं है. सूचना मिलते ही साकिब खान ने तुरंत वाणिज्य नियंत्रण को घटना की जानकारी दी. कुछ देर बाद सूचना मिली कि इटारसी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को एक बच्ची सुरक्षित मिली है.



टीटीई ने जीआरपी से संपर्क कर बच्ची की पहचान कराई, जिससे पुष्टि हुई कि वह उसी यात्री की बेटी है. इसके बाद आवश्यक मेमो जारी कर हरदा स्टेशन पर बच्ची के पिता को ट्रेन से उतरवाया गया. वहां से वे दूसरी ट्रेन से इटारसी पहुंचे और अपनी बच्ची को सकुशल अपने साथ ले गए.

# सेवानिवृत्त जिला आपूर्ति अधिकारी आशुतोष तिवारी की मां का निधन

### लोगों ने दी शोक श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**हनुमना 4 जुलाई, अपने कार्य व्यवहार व हंसमुख स्वभाव के कारण समाज एवं परिवार में एक अलग अपनी पहचान बनाने वाली श्रीमती उर्मिला तिवारी का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया.**

विदित हो कि स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला तिवारी तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री एवं कर्मचारी संघ के जुझारू नेता स्वर्गीय शीतला प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी थी एवं सेवानिवृत्त जिला आपूर्ति अधिकारी आशुतोष तिवारी की माता है, जो पिछले कई महीनो से बीमार चल रही थी, और दिनांक 2 जुलाई 2026 दिन गुरुवार को शाम 6:00 बजे घर पर ही निधन हुआ, जिनका दाह संस्कार का कार्यक्रम उनके गृह ग्राम डेल्ही मनिगमा में दिनांक 3 जुलाई 2026 दिन शुक्रवार को वैदिक रीति रिवाज से किया गया, जहां उनके छोटे पुत्र आशीष तिवारी ने अपनी मां को मुखाग्नि दिए, दाह संस्कार कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ रही, श्रीमती उर्मिला तिवारी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में सेवानिवृत न्यायाधीश सुनील कुमार मिश्रा, डीएसपी राघवेंद्र द्विवेदी,सेवानिवृत्त रेंजर



रामसहोदर मिश्रा, आर,के ,त्रिपाठी रीवा कमलाकांत तिवारी, चूड़ामणि तिवारी कपसा, संतोष तिवारी, शिवकुमार तिवारी, सूरज तिवारी कपसा, श्रीनिवास द्विवेदी कोठार, कर्मचारी नेता के,यल ,गौतम, छोटे लाल द्विवेदी, सेवानिवृत्ति ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तिलकधारी त्रिपाठी, मुद्रिका प्रसाद द्विवेदी, राजकिशोर मिश्रा सगरा, डॉ नवल किशोर मिश्रा, राजेश मिश्रा ,वीरेंद्र मिश्रा, सेवानिवृत्ति शिक्षक रघुवंश द्विवेदी, अरुण कुमार द्विवेदी, शंकर लाल गुप्ता, सेवानिवृत शिक्षक अरविंद शुक्ला, राजकुमार मिश्रा मुरैठा, सेवानिवृत शिक्षक बाल्मीक द्विवेदी,प्रमोद कुमार मिश्रा मसूरिहा, पारस द्विवेदी कोठार, हीरालाल द्विवेदी कोठार,,नीटू द्विवेदी कोठार, रावेंद्र तिवारी, एडवोकेट राजेंद्र द्विवेदी खटखरी, सुलभ द्विवेदी कोठार, पूर्व सरपंच दिलीप द्विवेदी , आनंद मिश्राआदि सभी लोगों ने शोक व्यक्त किये है

## करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोग मूलभूत सुविधा से वंचित

**धार 04 जुलाई.** मध्य प्रदेश में विकास के दावों और सरकारी योजनाओं की चमक के बीच आदिवासी अंचल की एक ऐसी दर्दनाक तस्वीर सामने आई है, जिसने व्यवस्था की संवेदनहीनता को बेनकाब कर दिया है. जिले के जामला गांव में एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के दौरान अचानक उफनाए नाले में जलती चिता बह गई. परिजनों और ग्रामीणों की आंखों के सामने अधजला शव तेज बहाव में बहने लगा.

### नाम सुधार सूचना

मै संतोष कोरी तनय श्री सुदामा कोरी निवासी डेलहा जिला मैहर का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना है जिसका नं. MP1920070016801 है जिसमें मेरा नाम Santosh Kumar Kori S/o R.P.Kori दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि सही नाम Santosh Kori S/o Sudama Kori (संतोष कोरी तनय श्री सुदामा कोरी ) है जो मेरे अन्य दस्तावेजों में दर्ज है अतः ड्राईविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम Santosh Kori S/o Sudama Kori दर्ज किया जाए.

## सम्मेलन ▶ कांग्रेस ने कमर कसी, दिग्विजय भी हुए शामिल, पटवारी ने भाजपा और नरोत्तम पर साधा निशाना

# चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार और एकजुट है कांग्रेस



अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नरोत्तम मिश्रा को अहंकारी बताते हुए

नवभारत न्यूज

**दतिया, 4 जून. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नरोत्तम मिश्रा को अहंकारी बताते हुए कहा है कि दतिया की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी. उन्होंने दतिया की जनता का आह्वान किया कि प्रत्याशी कोई हो, वोट हाथ के पंजे पर करें.**

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. इस सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह निर्धारित समय से करीब चार घंटे देरी से दतिया के मोटल होटल पहुंचे. इन नेताओं के पहुंचते ही कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया. मंच पर आते ही जीतू पटवारी ने भाजपा और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधा. उन्होंने नरोत्तम मिश्रा को अहंकारी भैया कहकर संबोधित किया और कहा कि दतिया की जनता उनके किए गए पापों को कभी माफ नहीं करेगी. पटवारी ने उनके एकल भोजन को लेकर भी तंज कसा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए अत्याचारों का जिक्र किया.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मंच से कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि इस बार प्रत्याशी चाहे कोई भी हो, वोट सिर्फ हाथ के पंजे पर पड़ना चाहिए. उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा लोकतंत्र की हत्या की है और इस बार दतिया की जनता को अहंकार को हराना है. पटवारी ने कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन 12 जुलाई को भरने की घोषणा कर दी. उन्हें याद दिलाया गया कि उस दिन रविवार है. इसके बाद उन्होंने कहा कि नामांकन शनिवार या सोमवार को दाखिल किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान पटवारी ने कार्यकर्ताओं की उत्सुकता बढ़ाते हुए कहा, "प्रत्याशी घोषित कर दूं क्या?卐 इस पर कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा, "ऐलान कर दो." कुछ पल रुकने के बाद पटवारी ने जवाब दिया, "मेरा प्रत्याशी हाथ का पंजा है.卐 इस बयान के बाद भी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गई, जिससे कार्यकर्ताओं और नेताओं में असमंजस की स्थिति बनी रही.

### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रजनीश कुमार Rajneesh Kumar S/o मिहीलाल Mihilal निवासी ककरहा भासूडा जिला पन्ना का निवासी हु मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं MP 19- N -2013-0100884 में त्रुटिवश मेरा नाम Rajnesh kumar हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम रजनीश कुमार Rajneesh kumar है अतः मुझे आज से रजनीश कुमार Rajneesh kumar के नाम से पढ़ा लिखा व कहा जाएं.

### सार्वजनिक सूचना

मैं, निकिता बाशाणी पति लक्की टेकवानी निवासी वार्ड नं. 20 बिहाईन्ड संत धाम सिन्धी कैम्प पुरुस्वानी मोहल्ला रघुराजनगर सतना पिन 485001 मध्यप्रदेश, भारत, एतद्वारा घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम निकिता बाशाणी से बदलकर मान्या टेकवानी कर लिया है। अब से मैं सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं गैर-सरकारी अभिलेखों तथा सभी कार्यों में मान्या टेकवानी के नाम से जानी जाऊँगी।

दिनांक :

हस्ताक्षर
मान्या टेकवानी

### NAME CHANGE NOTICE

I, Pradip Kumar Dahiya S/o Bhagwan Das Dahiya R/o Makan No -194, Ward No -14, Gram Mohanpurwa, Panna, Madhya Pradesh -488001 have changed my name to Pushpraj Dev Pratap Singh Dahiya for all future purposes.

Date - 03/07/2026

**DEPONENT**
**Pradip Kumar Dahiya S/o Bhagwan Das Dahiya Gram Mohanpurwa, Panna**